# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/1531 दिनांक 01/07/2013

**// MOST IMPORTANT //**

**INSTRUCTION FOR ONLINE EXAMINATION WORK**

**(Examination In-charge & Computer Users – All Affiliated Colleges)**

प्रति,

प्राचार्य/विभागाध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशालाएँ,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**विषय– स्नातकोत्तर – एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी./एम.एससी. (होमसाइंस) चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून–2013 में ऑनलाइन भरवाये गये परीक्षा आवेदन–पत्रों में 'PROJECT' विषय अपडेट करने विषयक्।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्नातकोत्तर– एम.ए./एम.कॉम./ एम. एससी./एम.एससी. (होमसाइंस) चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून–2013 के परीक्षा आवेदन–पत्र भरवाये गये थे, उस समय ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र अपडेट करते समय **'PROJECT'** विषय छूट गया था, जिसके कारण ''प्रोजेक्ट'' विषय के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं हो पा रहे हैं।

**'PROJECT'** विषय के अंक ऑनलाइन अपडेट करने के लिये महाविद्यालय/अध्ययनशाला निम्न प्रक्रिया को अपनायें:–

**सर्वप्रथम UPDATE SUBJECT & CATEGORY ऑप्सन में जाकर 'कक्षावार' प्रत्येक छात्र के 'प्रोजेक्ट'' विषय को 'क्लिक' करें। जब एक कक्षा पूर्ण रूप से अपडेट हो जाये, उसके बाद GENERATE PRACTICAL/ SESSIONAL आप्सन में जाकर CLASS GENERATE करें। उसके उपरांत ही 'PROJECT' के अंक ऑनलाइन अपडेट करें।''**

(1) कम्प्यूटर यूजर्स परीक्षा संबंधी वेबसाइट पर सेशनल/प्रैक्टीकल/प्रोजेक्ट के अंक ऑनलाइन अपडेट करने से पूर्व **GENERATE PRACTICAL/SESSIONAL** ऑप्सन का उपयोग नहीं करते हैं, ऐसा नहीं करने के कारण **Class Generate** नहीं होती है और सेशनल/प्रैक्टीकल/प्रोजेक्ट के अंक ऑनलाइन भरने से रह जाते हैं, इसलिये **GENERATE PRACTICAL/SESSIONAL** ऑप्सन का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

(2) कम्प्यूटर यूजर्स चाहें तो **CLASSWISE PR/SESS MARKS STATUS** ऑप्सन में जाकर छात्रों के समस्त विषयों के अंक देख सकते हैं और **Not Filled** लिखे होने की स्थिति में अंकों को **Subjectwise** सूची से अपडेट कर सकते हैं। परीक्षार्थियों के समस्त विषयों के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होने की स्थिति में महाविद्यालय विषयवार सूचियां प्रिन्ट नहीं कर सकेंगे। इसलिये महाविद्यालय **CLASSWISE PR/SESS MARKS STATUS** ऑप्सन के माध्यम से अपडेट किये गये अंकों की स्थिति देख लें कि कहीं कुछ अपडेट करने से न रह गया हो।

क्रमशः ...............2

(3) प्रायः देखने में आ रहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा जब भी **ए.टी.के.टी. (A.T.K.T.)** कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथि घोषित की जाती है, उसी समय से छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र में फीस **(Fees)** संबंधी समस्या बढ़ जाती है। इसी समस्या समाधान के समाधान के लिये विश्वविद्यालय द्वारा एक नवीन ऑप्सन **Update Subject & Category** को प्रारम्भ किया गया था, जिसमें परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र में फीस संबंधी समस्या का निराकरण किया जा सकेः–

(i) सर्वप्रथम, **ए.टी.के.टी. (ATKT)** कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट करने से पूर्व कम्प्यूटर यूजर्स **Update Subject & Category** ऑप्सन में जाकर समस्त छात्रों का **STATUS – – B.P./SUPP** कर दें और परीक्षा आवेदन–पत्र में दर्शाये गये विषय **(SUBJECT)** चैक कर लें, कि कहीं छात्र के पेपरों के नाम गलत तो नहीं आ रहे हैं और यदि गलत आ रहे हैं तो पेपरों के नाम छात्र की अंकसूची देखकर सही अपडेट कर दें। उसके उपरांत ही छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र **Print Exam Form** ऑप्सन से प्रिन्ट निकालें और छात्रों को वितरित करें। ऐसा करने से फीस **(Fees)** संबंधी समस्या का समाधान हो जायेगा।

(4) यदि किसी परीक्षार्थी का परीक्षा आवेदन–पत्र कॉलेज लॉगिन पर विश्वविद्यालय द्वारा नहीं भेजा जाता है तो ऐसी स्थिति में कम्प्यूटर यूजर्स ''न्यू एक्जाम फार्म'' आप्सन का उपयोग कर नियमित शुल्क के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरें और चालान फार्म एवं परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट कर छात्रों को वितरित करें। यदि परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथि के उपरांत चालान फार्म में विलंब शुल्क जुड़ता है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधी परीक्षार्थी/महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष से विशेष अनुरोध है कि वह विश्वविद्यालय की ऑनलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत छात्र हित में अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे छात्रों की समस्याओं का समाधान महाविद्यालय स्तर पर किया जा सके।

C.Shinde

**परीक्षा नियंत्रक,**

प्रतिलिपिः–

1. संपादक महोदय, दैनिक ............................................................ की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

**सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)**